# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 21.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆ **मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना भवानीगंज मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम बनगवा नानकार की महिलाओं/बालिकाओ को नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा, कल्याणकारी योजनाओं व विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरो के बारे में जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 21.07.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा तथा थानाध्यक्ष विजय शंकर सिंह के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम तहत थानाक्षेत्र के ग्राम बनगवा नानकार में मिशन शक्ति अभियान 5.0 द्वितीय चरण के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जैसे प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल,निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया तथा महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.का0 अनिल यादव

02.का0 रवि जायसवाल

03.रि0म0आ0 निहारिका सिंह

# प्रेस नोट दिनांक 21.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 (द्वितीय चरण) के तहत थाना उसका बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिलाओं/बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो अभियान के तहत जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 21.07.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह थाना उसका बाजार के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना उसका बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिलाओं/बालिकाओं को महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सम्बन्धित विभिन्न सरकारी योजनाओं- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल,निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न कल्याणकारी हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर -**

01.उ0नि0 जयप्रकाश पांडेय

02.म0का0 खुशबू सिंह

03.म0का0 कालिंदी

# प्रेस नोट दिनांक 21.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत नारी सुरक्षा एवं स्वालंबन के लिए समर्पित थाना शोहरतगढ़ मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के शिवपति पी0जी0 कॉलेज की छात्राओं को महिला सुरक्षा/साइबर सुरक्षा के संबंध मे जागरुक कर विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारे मे जानकारी दी ग यी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में, प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण में व नवीन कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत आज दिनांक 21.07.2026 को थाना शोहरतगढ़ मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के शिवपति पी0जी0 कॉलेज की छात्राओं को महिला सुरक्षा/साइबर सुरक्षा के संबंध मे जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे में जानकारी दी गयी। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज-5.0 के विषय में महिलाओं को महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर, नए कानून के बारे में जानकारी दी गई व नई धाराओं को भी बताया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.म0का0 उर्मिला देवी

02.म0का0 सीमा यादव

03.म0का0 शोभा भारती

# प्रेस नोट दिनांक 21.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना गोल्हौरा मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सेमरी की बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो अभियान के तहत जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 21.07.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी इटवा पवीन प्रकाश के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष रामदेव के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना गोल्हौरा मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सेमरी की बालिकाओं को महिला सम्बन्धित विभिन्न सरकारी योजनाओं- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल,निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे मंस जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर –**

01.मु0आ0 विनोद कुमार

02.आरक्षी मनीष वर्मा

03.म0आ0 चांदनी मिश्रा

# प्रेस नोट दिनांक 21.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम परसोहिया सदानंद की महिलाओं/ बालिकाओं को एकत्रित कर महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन में तथा प्रभारी निरीक्षक हरेकृष्ण उपाध्याय थाना त्रिलोकपुर के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 21.07.2026 को थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम परसोहिया सदानंद की बालिकाओं/ महिलाओं को एकत्रित कर महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया तथा जनजागरूकता अभियान के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मातृ शक्ति को सम्बल, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया। जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम-**

1.उ0नि0 गणेश कुमार
2.रि0म0आ0 रुचि
3.रि0आ0 चंचल सरोज

# प्रेस नोट दिनांक 21.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना ढेबरुआ मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम मिश्रौलिया की महिलाओं/ बालिकाओं को बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 21.07.2026 को थाना क्षेत्र के ग्राम मिश्रौलिया की महिलाओं/ बालिकाओं को बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व साईबर सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं। सम्मेलन में उपस्थित सभी बहू-बेटियों से खुद की समस्या कें बारे मे पूछा गया तो किसी भी बहू-बेटियों द्वारा कोई समस्या नही बतायी गयी। तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

# प्रेस नोट दिनांक 21.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆सिद्धार्थनगर एण्टी रोमियो स्क्वाड पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति 5.0 फेज 2 के अन्तर्गत जनपद के स्कूल-कॉलेज व भीड़-भाड़ वाले स्थानों व मनचलों एवं शोहदों की चेकिंग की गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में , प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में मनचलों एवं रोमियो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 21.07.2026 को प्रभारी एण्टी रोमियो स्क्वॉड टीम /शक्ति मोबाइल द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत एण्टी रोमियो के तहत थानाक्षेत्र जोगिया उदयपुर के जोगमाया मंदिर , सुपाराज़ा , जोगिया उदयपुर बाजार,सनई चौराहा, मधुकरपुर ,साड़ी तिराहा ,सिद्धार्थ तिराहा, सिंहेश्वरी मंदिर आदि स्थानों पर महिलाओं और बच्चियों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090, 1098, 112, 181, 1930,108,102आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई व थाना क्षेत्र के आस-पास के मुख्य सड़को, चौराहों पर चेकिंग करते हुए महिला दुकानदारों से नियमित आए दिन चौराहों बाजारों आदि में अनावश्यक घूमने वाले शोहदों आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। चेकिंग के दौरान कोई अप्रिय बात नहीं रही।

**एण्टी रोमियों टीम का विवरण-**

01.उपनिरीक्षक मीरा चौहान प्रभारी एंटी रोमियो स्क्वाड।
03.महिला हेड कांस्टेबल मंजू मौर्या एंटी रोमियो स्क्वाड।
02.महिला आरक्षी नेहा सिंह एंटी रोमियो स्क्वाड।

# प्रेस नोट दिनांक 21.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना बांसी मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम तेलौरा मे महिलाओं/बालिकाओं को नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा, कल्याणकारी योजनाओं व विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरो के बारे में जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 21.07.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारी बाँसी शुबेंदु सिंह तथा प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत ग्राम तेलौरा में मिशन शक्ति व बहू/बेटी सम्मेलन के सम्बन्ध में बालिकाओं/महिलाओं को मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जैसे कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल,निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर-**

1.उ0नि0 कमला प्रसाद मौर्या
2.रि0म0का0 सुमन
3.का0 शैलेश कुमार
5.हो0गा0 संजीव कुमार दूबे

# प्रेस नोट दिनांक 21.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना खेसरहा पुलिस द्वारा चोरी के आरोपी एक नफर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तथा कब्जे से सोने चांदी के जेवरात व ₹26200/- नकद बरामद।**

डा0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद*अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व शुभेन्दु सिंह, क्षेत्राधिकारी बाँसी के कुशल पर्यवेक्षण अनूप कुमार मिश्र थानाध्यक्ष थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 21.07.2026 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 98/2026 धारा 305(a) BNS नामजद अभियोग पंजीकृत किया गया था जिसमे संबंधित वांछित अभियुक्त को बांसी- धानी मार्ग से बंजरहा जाने वाले रोड से चोरी के सामान व विक्री से प्राप्त रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया तथा गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर धारा 317(2) BNS की बृद्धि करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**
1.परमात्मा शर्मा पुत्र स्व0 दलसिंगार शर्मा निवासी मलौली थाना बासी जनपद सिद्धार्थनगर।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-** वादिनी श्रीमती शैलकुमारी पत्नी गंगासागर साकिन एचनी थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर के द्वारा थाना स्थानीय पर दिनाँक 20.07.2026 को प्रार्थना पत्र दिया कि दिनाँक 16.07.2026 को घर पर एल्मुनियम का दरवाजा व खिड़की लगाने का काम हो रहा था जिसको करने के लिए परमात्मा शर्मा पुत्र दलसिंगार शर्मा ग्राम मलौली थाना बासी जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा दरवाजा व खिड़की लगाने का काम किया जा रहा था। उसी दिन दोपहर मे समय करीब 02.00 बजे वादिनी व वादिनी के घर सभी सदस्य गांव मे प्रदीप त्रिपाठी के घर बरखी के कार्यक्रम मे चले गये थे। उसी दौरान परमात्मा शर्मा उपरोक्त द्वारा बक्से मे रखा जेवरात 1. सोने का टिका 2. सोने का झाला 3. सोने का मदरासी झुमका 4. सोने का हार 5. सोने का नथिया 6. सोने का छोटा मंगलसुत्र 7. चांदी का पावजेब 8. चाँदी का चैन 9. चाँदी का पायल गायब/ चोरी कर लिया और यह घटना वादिनी को दिनांक 18.07.2026 को पता चली। सामान के काफी खोजबीन के बाद जब वादिनी के जेवरात नही मिले तो वादिनी द्वारा दिनांक 20.07.2026 को घटना के बावत थाना स्थानीय पर सूचना दी जिसके आधार पर मु0अ0स0 98/2026 धारा 305(a) BNS बनाम परमात्मा शर्मा पुत्र दलसिंगार शर्मा ग्राम मलौली थाना बासी जनपद सिद्धार्थनगर पंजीकृत किया गया जिसके संबंध मे आज दिनांक 21.07.2026 को मुकदमा उपरोक्त से संबंधित वांछित अभियुक्त को बांसी-धानी मार्ग से बंजरहा जाने वाले रोड से चोरी के सामान व विक्री से प्राप्त रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**बरामदगी का विवरणः-** एक अदद मंगलसूत्र पीली धांतु , एक अदद माथ टीका पीली धांतु, एक अदद कान झाला पीली धांतु इस्तेमाली व एक जोडी पावजेब सफेद धांतु इस्तेमाली कीमती लगभग 180000 रू0 व जामा तलाशी से चोरी किये हुए गहने बिक्री से प्राप्त ₹26200/- नकद।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. उ0नि0 कुन्ज बिहारी तिवारी चौकी प्रभारी सकारपार थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।
2. का0 अवनीश राय थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।
3. का0 अखिलेश कुमार थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।
4. का0 कमलेश सिंह थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस नोट दिनांक 21.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

आज दिनांक 21.07.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 18 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें 04 भूमि विवाद, 04 मारपीट व शेष 10 अन्य से सम्बंधित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 21.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत थाना ढेबरुआ मिशन शक्ति टीम द्वारा पारिवारिक विवाद का किया गया सफल निस्तारण, दम्पति ने पुनः साथ रहने का लिया संकल्प □**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में, मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल निर्देशन मे व दुर्गा प्रसाद प्रभारी निरीक्षक ढेबरुआ के नेतृत्व मे आज दिनांक 21.07.2026 को थाना ढेबरूआ मिशन शक्ति केन्द्र पर खातीजा खातून पत्नी अशरफ अली, निवासी ग्राम संसरी थाना ढेबरूआ, जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा अपने पति के साथ चल रहे पारिवारिक विवाद के संबंध में उपस्थित हुईं। महिला ने अवगत कराया कि विवाद उनके संयुक्त परिवार के अन्य सदस्यों के बीच उत्पन्न मतभेद के कारण था। जिसके चलते दंपति कुछ समय से बहुत परेशान थे। तथा समस्या के समाधान के लिए थाना ढेबरूआ मिशन शक्ति केन्द्र पर उपस्थित हुए। प्रकरण की गंभीरता के दृष्टिगत थाना ढेबरुआ मिशन शक्ति टीम द्वारा दोनों पक्षों की काउंसलिंग की गई। उनकी समस्याओं को धैर्यपूर्वक एवं संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए आपसी संवाद स्थापित कराया गया तथा पारिवारिक जीवन के महत्व, विश्वास एवं आपसी सामंजस्य के संबंध में समझाया गया। पुलिस टीम के सकारात्मक एवं मानवीय प्रयासों के फलस्वरूप दोनों पक्षों ने अपने सभी मतभेद भुलाकर पुनः साथ रहने तथा भविष्य में सौहार्दपूर्ण एवं सुखद पारिवारिक जीवन व्यतीत करने की सहमति व्यक्त की।

काउंसलिंग के उपरांत दोनों पति-पत्नी प्रसन्नतापूर्वक अपने घर के लिए रवाना हुए। तथा थाना ढेबरूआ पुलिस के इस मानवीय, संवेदनशील एवं सराहनीय प्रयास के लिए धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

# प्रेस नोट दिनांक 21.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाने तथा आमजन में सुरक्षित यातायात व्यवहार विकसित करने के उद्देश्य से संचालित ZFD योजना एवं सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत चिन्हित हॉटस्पॉट पर यातायात पुलिस सिद्धार्थनगर द्वारा लगाए गए चेतावनी साइन बोर्ड एवं आमजन को किया जागरूक।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सिद्धार्थनगर के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक श्री प्रशान्त कुमार प्रसाद के कुशल पर्यवेक्षण एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी यातायात श्री राजकुमार सिंह के निर्देशन में, प्रभारी यातायात अजय कुमार सिंह यादव के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा चिन्हित दुर्घटना बाहुल्य स्थलों पर चेतावनी एवं जागरूकता संबंधी साइन बोर्ड लगाए गए।
अभियान के दौरान थाना सिद्धार्थनगर क्षेत्र के जमुआर नाला एवं झंडेनगर स्थित दुर्घटना बाहुल्य स्थलों पर 03 चेतावनी साइन बोर्ड तथा थाना जोगिया उदयपुर क्षेत्र के जोगिया कस्बा एवं ककरही पुल, तनेजवा बंधा के समीप 03 चेतावनी साइन बोर्ड स्थापित किए गए। इसके अतिरिक्त अधिक यातायात आवागमन वाले प्रमुख स्थानों पर सड़क सुरक्षा संदेशों एवं दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र, कृपया सुरक्षित चलें आदि यातायात स्लोगन युक्त साइन बोर्ड भी लगाए गए, जिससे वाहन चालक एवं आमजन यात्रा के दौरान सतर्क रहकर सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित कर सकें। इस अवसर पर सीसीटीम थाना सिद्धार्थनगर एवं सीसी टीम थाना जोगिया उदयपुर भी उपस्थित रही |
यातायात पुलिस द्वारा अभियान के दौरान नागरिकों एवं वाहन चालकों को गुड सेमेरिटन (Good Samaritan) योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। बताया गया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की समय पर सहायता करने वाले सज्जन नागरिक को भारत सरकार द्वारा ₹25,000/- तक की प्रोत्साहन पुरस्कार राशि प्रदान किए जाने का प्रावधान है।
इसके साथ ही अवयस्कों द्वारा वाहन चलाने पर लागू कानूनी प्रावधानों, तेज गति, रॉन्ग साइड ड्राइविंग, स्टंटबाजी, बिना हेलमेट एवं बिना सीट बेल्ट वाहन संचालन, नशे की हालत में वाहन चलाने तथा अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों के कुल 43 वाहन से ₹ 56,500/- के चालान किये गए एवं यातायात नियमों के उलंघन से होने वाली दुर्घटनाओं एवं उनके गंभीर दुष्परिणामों के संबंध में विस्तारपूर्वक जागरूक किया गया। अभियान के दौरान सड़क सुरक्षा संबंधी पम्पलेट वितरित कर सभी नागरिकों से अपील की गई कि वे यातायात नियमों का स्वयं पालन करें तथा अपने परिवार, मित्रों एवं समाज को भी इसके प्रति जागरूक करें। सुरक्षित यातायात व्यवस्था एवं दुर्घटना-मुक्त जनपद के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## प्रेस नोट दिनांक 21.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆ “आपरेशन कन्विक्शन” के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना खेसरहा पुलिस की प्रभावी पैरवी से मारपीट करने के आरोपी को न्यायालय उठने तक की सजा व ₹ 1,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे “आपरेशन कन्विक्शन” के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में आज दिनांक 21.07.2026 को वाद सं0-751/2014 एनसीआर-01/2014 धारा 323 भादवि थाना खेसरहा में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री धर्मेन्द्र कुमार भारती, न्यायालय जे0एम0 बांसी जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त पंकज दूबे पुत्र त्रियुगी दूबे निवासी दूबाई थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर को न्यायालय उठने तक की सजा व ₹ 1,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक संदीप सिंह तथा न्यायालय पैरोकार मुख्य आरक्षी रामकिशुन यादव थाना खेसरहा का सराहनीय योगदान रहा।

## प्रेस नोट दिनांक 21.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार श्रावण मास व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 21.07.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में समस्त प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष द्वारा आगामी त्यौहार श्रावण मास, कावड़ यात्रा व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पाट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त/चेकिंग किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।